(घ) आग लगने से तेल शोधक कारखाने के उत्पादन पर क्या प्रभाव पड़ा है और इस कारखाने की पूर्व क्षमता को कब तक बहाल कर दिया जायेगा?

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री टी.आर. बालू): (क) से (घ) डिग्बोई रिफाइनरी की वैक्यूम डिस्टिलेशन यूनिट में 30.11.1996 को आग लगने की एक घटना हुई। यह आग, रिसने वाले हाइड्रोकार्बनों के स्वजलन के कारण एक पंप (हैडलिंग हैवी वेक्सी डिस्टिलेट) की ड्रेन लाइन में एक गास्केट के काम न करने की वजह से लगी। ऐसा अनुमान है कि इस आग से 3800 टन क्रूड संसाधन के उत्पादन के नुकसान के अलावा क्षतिग्रस्त सामग्री को बदलने और उनकी मरम्मत की लागत पर लगभग 4.4 लाख रुपए की हानि हुई। यह यूनिट 4.12.96 से प्रचालनरत है।

छत्तीसगढ़ क्षेत्र में विद्युत उत्पादन संयंत्र

2975. **श्री दिलीप सिंह जूदेव:** क्या प्रधान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) मध्य प्रदेश के छत्तीसगढ़ क्षेत्र में नये विद्युत संयंत्रों की स्थापना के लिए 1995-96 तक कितने प्रस्ताव अनुमोदित किए गए हैं और इन संयंत्रों की उत्पादन क्षमता कितनी-कितनी है;

(ख) इन संयंत्रों की स्थापना के लिए अंतिम रूप से स्वीकृत स्थल कौन-कौन से हैं;

(ग) इन संयंत्रों की प्रस्तावित लागत कितनी है और इस राशि को प्राप्त करने की व्यवस्था किनके द्वारा किन ऐजेंसियों से की गई है अथवा की जानी प्रस्तावित है; और

(घ) इन संयंत्रों की शीघ्र स्थापना कर राज्य में विद्युत की कमी को दूर करने हेतु की जा रही कार्यवाही की प्रगति का ब्यौरा क्या है?

विद्युत मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा गैर-पारंपरिक ऊर्जा स्रोत मंत्रालय में राज्य मंत्री (डा. एस. वेणुगोपालाचारी): (क) से (ग) चालू योजना अवधि के दौरान, 1995-96 तक, केन्द्रीय विद्युत प्राधिकरण द्वारा छत्तीसगढ़ क्षेत्र में नयी ताप विद्युत परियोजना स्थापित किए जाने संबंधी किसी भी प्रस्ताव को तकनीकी-आर्थिक स्वीकृति प्रदान नहीं की गई है। बस्तर जिले में बोधघाट जल विद्युत परियोजना (4x125 मेगावाट) को योजना आयोग द्वारा 24 फरवरी 1979 को 209.3 करोड़ रुपए की अनुमानित लागतों पर स्वीकृत प्रदान कर दी गई थी। परियोजना पर निर्माण कार्य रोक दिए गए थे क्योंकि पर्यावरण एवं वन मंत्रालय द्वारा वन संबंधी स्वीकृति दिया जाना अस्वीकार कर दिया गया था।

(घ) राज्य की निम्नलिखित स्वीकृत एवं निर्माणाधीन परियोजनाओं द्वारा कमी को पूरा कर लिए जाने की प्रत्याशी हैं:-

क्र.सं.	परियोजना का नाम व स्थान	क्षमता (मेगावाट)
राज्य क्षेत्र परियोजनाएं		
1.	संजय गांधी विस्तार, टीपीपी यूनिट-3 और 4 बीरसिंहपर पाली (शहडोल) जिला 1	420
2.	बाणसागर टॉस फेस-2 (जिला रेवा)	30
3.	बाणसागर टॉस फेस-3 (जिला रेवा)	60
4.	बाणसागर टॉस फेस-4 (जिला सतना/शहडोल)	20
5.	नर्मदा सागर (इंदिरा सागर) (जिला खंडवा)	1000
निजी क्षेत्र परियोजनाएं		
1.	तावा एलबीसी (जिला होशंगाबाद)	12
2.	महेश्वर (खारगोन/खांडवा जिला)	400
संयुक्त क्षेत्र परियोजनाएं		
1.	राजघाट (म.प्र./उ.प्र.) (जिला गुणा, म.प्र., ललितपुर(उ.प्र.)	45
2.	सरदार सरोवर (म.प्र./गुजरात/महाराष्ट्र)	1450

इनके अलावा, केन्द्रीय विद्युत प्राधिकरण ने मध्य प्रदेश के शिवपुरी जिले में मरहीखेड़ा जल विद्युत परियोजना (2 x 20 मेगावाट) तथा जिला देवास/खांडवा में ओंकारेश्वर जल विद्युत परियोजना (8 x 65 मेगावाट) स्थापित किए जाने के लिए अपनी तकनीकी-आर्थिक स्वीकृति प्रदान कर दी है।

Amendments in Gadgil Formula

2976. SHRI GHUFRAN AZAM: Will the Minister of PLANNING AND PROGRAMME IMPLEMENTATION be pleased to state:

(a) whether Government have waived the Gadgil formula for distribution of ad-hoc Central assistance to States in the current year;

(b) if so, the criteria presently being followed by Government to disburse ad-hoc aid to States;

(c) whether the Gadgil formula would be amended for the Central Plans;

(d) if so, whether views of State Governments have been asked for by the Central Government; and

(e) if so, the reaction of State Governments thereto?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF PLANNING AND PROGRAMME IMPLEMENTATION (SHRI YOGINDER K. ALAGH): (a) to (e) Normal Central assistance for State Plans from 1992-93 to 1996-97 has been allocated according to the Gadgil- Mukherjee formula as approved by the National Development Council in December, 1991. Details of the formula and criteria are given in the Statement enclosed (*see* below).

Out of the total budget provision of Rs. 2494 crore additional Central assistance, Rs. 2244 crore for Basic Minimum Services and Rs. 250 crore for the development of urban slums has been allocated to the States and Union Territories in 1996-97. Additional Central assistance of Rs. 2216 crore for Basic Minimum Services to the States has been allocated according to the formula as detailed below:—

(i) 30% amount to Special Category States in proportion to the allocations of normal Central assistance for 1995-96.

(ii) remaining 70% amount has been allocated to 15 non-Special Category States according to the criteria of popula- tion (60% weight) and per capita income (40% weight States having per capita income below national average have been given 32% weight and all non-Special Category States have been given 8% weight) as per Gadgil-Mukherjee formula.

Remaining Rs.28 crore for Basic Minimum Services has been allocated to the Union Territories.

Rs. 250 crore additional Central assistance to the States and Union Territories for the development of slums in urban areas in 1996-97 has been allocated on the basic of estimated slum population 1991.

Presently, there is no proposal for revising the Gadgil-Mukherjee formula for allocation of Central assistance to the States. Any change in the formula is made after taking into account views/suggestions of the States with the approval of the National Development Council of which Chief Ministers/Governors of States and Union Territories are the Members.

Statement

The Committee headed by Shri Pranab Mukherjee, Deputy Chairman, Planning Commission with the Union Finance Minister and a member of Planning Commission was set up to review the Gadgil Formula for allocation of Central assistance to States. The recommendations of the Committee were considered by the National Development Council in its meeting held on 23rd and 24th December, 1991, and the following formula was decided for distribution of Central assistance to the States.

I. From the total Central assistance, set apart funds required for externally aided schemes, as is now being done.

II. From the balance, provide reasonable amounts for Special Area Programmes *viz.*,

a) Hill areas;

b) Tribal areas;

c) Border areas;

d) NEC; and

e) Other programmes

III. From the balance, give 30% to the Special Category States*

IV. Distribute the balance among the non-Special Category States** as per the following formula:—

Criteria		*Weightage* (%)
I. Population (1971)		60.0
II. 'Per Capita' Income		25.0
(a)	Deviation method covering States with per capita SDP below the national average.	20.0
(b)	Distance method— covering all States	5.0
III. Performance		7.5
(a)	Tax effort	2.5
(b)	Fiscal Management, and	2.0

(c)	National Objectives	3.0
(i)	Polulation control	1.0
(ii)	Elimination of female illiteracy	1.0
(iii)	On-time completion of externally aided projects	0.5
(iv)	Success in land reforms	0.5
IV.	Special Problems	7.5
	Total	100.0

* Presently in the pattern of 90% grant and 10% loan.

** Presently in the pattern of 30% grant and 70% loan.

Committee for Restructuring of Rural Employment Programme

2977. MISS SAROJ KHAPARDE: Will the Minister of RURAL AREAS AND EMPLOYMENT be pleased to state:

(a) whether any Committee on restructuring of rural employment programmes was constituted by Government in the recent past;

(b) if so, the details thereof, with recommendations of the Committee;

(c) whether any structural changes have been affected in implementation of the wage employment programmes on the recommendations of the Committee; and

(d) if so, the details thereof?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF RURAL AREAS AND EMPLOYMENT (SHRI CHANDRADEO PRASAD VARMA): (a) and (b) Yes, Sir. A Committee was set up to suggest the streamlining and restructuring of JRY and other rural employment and beneficiary oriented programmes under the Chairmanship of Joint Secretary, Rural Employment in the Ministry of Rural Areas & Employment.

(c) and (d) In pursuance of the recommendation of the committee, the Government of India has taken the following decision which came into effect from 1.1.1996:—

(i) Indira Awaas Yojana and Million Wells Scheme, which were sub-schemes of JRY with earmarking of funds on the basis of percentages have been taken out of JRY and made independent schemes by themselves.

(ii) The remaining part of the JRY first stream comprising the share of the DRDA (20%) and Panchayats (80%) will continue as before.

(iii) The Innovative JRY (3rd Stream) for taking up pilot projects of Innovative nature will, however, continue with the same stipulation namely, 5% of JRY funds or maximum of Rs.75 crores.

(iv) Rural Housing Scheme has been merged with IAY and both the schemes taken together and amalgamated will hereafter be called IAY.

(v) IAY and MWS after being separated from JRY and being made independent schemes will continue to be implemented as per the existing guidelines under JRY (JRY Manual as modified and effective from 1.4.1994 and instructions issued from time to time).

(vi) Intensive JRY (2nd Stream) has been merged with EAS. The blocks of IJRY districts which so far did not form part of the EAS now have been termed as EAS blocks. The scheme will be implemented as per the existing guidelines of EAS in these blocks.

अन्य पिछड़े वर्गों के लिए आरक्षित पदों को सामान्य श्रेणी के उम्मीदवारों द्वारा भरा जाना

2978. **श्री जनार्दन यादव:** क्या प्रधान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि विभिन्न मंत्रालय/विभाग सहायक ग्रेड परीक्षा, 1993 और 1994 के आधार पर अन्य पिछड़े वर्गों के लिए आरक्षित सहायकों के ड्राप-आऊट पदों को अनारक्षित करके सामान्य श्रेणी के उम्मीदवारों को पदोन्नत कर, भर रहे हैं;

(ख) यदि हां, तो उक्त दो वर्षों की अवधि के दौरान विभिन्न मंत्रालयों/विभागों में ऐसे पदों की संख्या कितनी-कितनी रही;

(ग) क्या सरकार अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के लिए आरक्षित पदों को अनारक्षित करने के स्थान पर उन्हें अगले वर्ष की आरक्षित रिक्तियों में जोड़ देती है; और